प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 20.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची एयरपोर्ट पर विमानन सुरक्षा की जांच, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने किया नेविगेशन सिस्टम का निरीक्षण।
2. राज्य के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत पर टली सुनवाई, अब 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में होगा फैसला।
3. नीति आयोग की टीम ने पलामू का किया दौरा, चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर टीम ने की स्वास्थ्य सूचकांकों की समीक्षा।
4. झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव की मतगणना शुरु, सीसीटीवी और सुरक्षा के कड़े पहरे में गिने जा रहे वोट।
5. बिहार के पटना में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के नैतिक दर्श ने जीते दो रजत पदक।

****

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की टीम ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर हवाई दिशा निर्धारण प्रणाली का सफल निरीक्षण किया है। प्राधिकरण के अनुसार, यह तकनीक खराब मौसम और कम दृश्यता के दौरान विमानों की सुरक्षित लैंडिंग के लिए अनिवार्य है। इस पहल से विमानन सुरक्षा और दिशा–निर्देशन मानकों को और मजबूती मिलेगी।

****

राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और उनके सचिव संजीव लाल की जमानत याचिका पर अब 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। आज सुनवाई के दौरान ईडी द्वारा दाखिल हलफनामे पर जवाब देने के लिए बचाव पक्ष ने समय मांगा है। बता दें कि आलमगीर आलम को पिछले साल 15 मई को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था और वे तब से जेल में हैं।

****

झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे, सुधीर कुमार सिंह और विनय प्रताप की जमानत याचिका पर अब 25 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। जस्टिस बी.वी. नागरथना और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने एसीबी द्वारा कल देर शाम दाखिल किए गए हलफनामे के बाद यह नई तिथि तय की है।

****

हजारीबाग के केरेडारी में कोल परियोजना विस्तार के लिए पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का आवास ध्वस्त कर दिया गया है। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई का पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने विरोध करते हुए इसे अवैध बताया है।

वहीं, एनटीपीसी अधिकारियों के अनुसार, मुआवजे की राशि सरकारी कोष में जमा कराने के बाद ही यह कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई है।

****

रामगढ़ पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया का समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। सुभाष चौक पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदू समाज की एकता और जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग उठाई। तोगड़िया ने हिंदू हेल्पलाइन नंबर जारी करते हुए प्रशासन से गौ–हत्या रोकने और हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

****

पलामू के चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज नीति आयोग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम ने मातृ–शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और पोषण जैसे प्रमुख सूचकांकों की समीक्षा की। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और रिकॉर्ड्स की जांच के बाद, टीम ने बेहतर कार्य के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

****

रांची के डोरंडा स्थित कार्यालय में आज सुबह 11 बजे से झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव की मतगणना शुरू हो गयी है। विधानसभा के 13 कर्मियों की टीम सीसीटीवी की निगरानी में वोटों की गिनती कर रही है। 23 पदों के लिए हुए इस चुनाव में पहली बार महिला अधिवक्ताओं के लिए 7 सीटें आरक्षित की गई हैं।

****

कोडरमा पुलिस ने खाकी वर्दी पहनकर लूटपाट करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। एसपी अनुदीप सिंह के अनुसार, फूड डिलीवरी का काम करने वाला यह आरोपी रात में पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को झांसे में लेता और लूटता था। इसके पास से पुलिस की वर्दी, फर्जी आई कार्ड और हथकड़ी बरामद हुई है।

****

फोर्ब्स ने अरबपतियों की नई सूची जारी की है। इसमें भारत तीसरे स्थान पर है। सूची में अमरीका पहले और चीन दूसरे स्थान पर है। ताज़ा सूची में, 26 भारतीय अरबपति पहली बार शामिल हुए हैं। भारत में इस समय 229 अरबपति हैं। एक रिपोर्ट–

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नवरात्रि के अथाह आध्यात्मिक माहौल पर अपने विचार साझा करते हुए कहा है कि मां अम्बे के प्रति भक्ति, मन को अपार शांति और ऊर्जा से भर देती है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने मां अम्बे को समर्पित एक भक्ति गीत साझा किया है।

****

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई। सेंसेक्स 853 अंक बढ़कर 75 हजार 61 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 280 अंक बढ़कर 23 हजार 283 पर पहुंच गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 37 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 42 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

मौसम विभाग ने आज रांची, गुमला और खूंटी समेत समेत पूरे राज्य में तेज आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। मौसम की स्थिति को लेकर पूरे राज्य के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों या बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

****

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप फॉर ऑटिज्म में झारखंड के नैतिक दर्श ने अपना जलवा बिखेरा है। देश के 19 राज्यों से आए 600 खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले में नैतिक ने सब–जूनियर वर्ग की 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ में दो रजत पदक अपने नाम किए।

********समाप्त********